उत्तराखण्ड लोक सेवा आयोग
हरिद्वार– 249404

पत्रांक : 14 **/04/E-3/R.I.(Tech.)/2021** दिनांकः 02 मई 2024

विस्तृत विज्ञप्ति

सम्भागीय निरीक्षक (प्राविधिक) परीक्षा–2022 के सापेक्ष अभिलेख सत्यापन कार्यक्रम

एतदद्वारा सूचित किया जाता है कि सम्भागीय निरीक्षक (प्राविधिक) परीक्षा–2022, हेतु प्रकाशित विज्ञापन संख्या–A-2/E-3/RI(Tech.)/2021 दिनांक 07 जून, 2022 के सापेक्ष दिनांक 16 अक्टूबर 2023 एवं 17 अक्टूबर, 2023 को सम्पन्न मुख्य/लिखित परीक्षा एवं 20 दिसम्बर 2023 से 30 दिसम्बर 2023 तक सम्पन्न प्रायोगिक परीक्षा में प्राप्त अंकों के आधार पर मा0 आयोग द्वारा पत्रांक सं0 08/17/RI-TECH-2022/G-1/2023–24, दिनांक 26 अप्रैल 2024 द्वारा 35 अभ्यर्थियों को अभिलेख सत्यापन हेतु औपबन्धिक रूप से सफल घोषित किया गया । मुख्य परीक्षा (लिखित एवं प्रायोगिक) परीक्षा में सफल घोषित अभ्यर्थियों के अभिलेखों का सत्यापन **दिनांक 10.05.2024 को परीक्षा भवन, उत्तराखण्ड लोक सेवा आयोग, हरिद्वार में** किया जाना है।

02. अभिलेख सत्यापन हेतु अभ्यर्थियों के ऑनलाईन आवेदन –पत्र में किये गये दावों के अनुसार आयोग कार्यालय में निर्धारित तिथि को अभ्यर्थियों द्वारा ऑनलाईन आवेदन पत्र के स्वहस्ताक्षरित प्रिंटआउट व चैकलिस्ट के साथ अनिवार्य शैक्षिक अर्हता, अधिमानी अर्हता, आरक्षण आदि से संबंधित समस्त प्रमाण–पत्रों/अभिलेखों की स्वहस्ताक्षरित छायाप्रतियों का मूल अभिलेखों से सत्यापन उत्तराखण्ड लोक सेवा आयोग सन्निरीक्षा मार्गदशिका–2022 एवं मा0 आयोग द्वारा लिये गये निर्णयों के आलोक में किया जायेगा। अभिलेख सत्यापन के पश्चात मा0 आयोग द्वारा अनुमोदित अर्ह अभ्यर्थियों की व्यक्तित्व परीक्षा का आयोजन किया जायेगा। उक्त के सम्बन्ध में पृथक से विज्ञप्ति आयोग की वेबसाइट एवं समाचार पत्रों में जारी की जायेगी।

3. अभिलेख सत्यापन (Documents Verification) अनुक्रमांकवार दिनांक 10.05.2024 को निम्न कार्यक्रमानुसार किया जाना प्रस्तावित हैः–

अभिलेख सत्यापन कार्यक्रम

10 मई 2024 (शुक्रवार) – प्रथम सत्र(प्रातः 9 बजे से)

(कुल–18 अभ्यर्थी)

300014	300026	300029	300034	300037	300045
300060	300066	300124	300136	300143	300161
300167	300175	300188	300268	300312	300319

अभिलेख सत्यापन कार्यक्रम
10 मई 2024 (शुक्रवार) – द्वितीय सत्र(अपराह्न 1.30 बजे से)
(कुल–17 अभ्यर्थी)

300348	300398	300399	300440	300473	300503
300505	300518	300521	300528	300529	300547
300554	300579	300591	300596	300620	

नोट– अभ्यर्थियों के अभिलेखों की जांच का कार्य, परीक्षा भवन, उत्तराखण्ड लोक सेवा आयोग, हरिद्वार में प्रथम सत्र प्रातः 9:30 बजे से तथा द्वितीय सत्र 01:30 बजे से प्रारम्भ होगा। अभ्यर्थी प्रथम सत्र हेतु प्रातः 9:00 बजे तथा द्वितीय सत्र हेतु अपराह्न 01:00 बजे तक परीक्षा भवन में उपस्थित होना सुनिश्चित करें।

04. अभिलेख सत्यापन कार्यक्रम के अंतर्गत अभ्यर्थी द्वारा ऑनलाईन आवेदन–पत्र में किये गये दावों का उनके मूल अभिलेखों से मिलान किया जायेगा। इस ज्ञाप के साथ आयोग की वेबसाइट psc.uk.gov.in पर निम्नलिखित प्रपत्र भी उपलब्ध कराये जा रहे है, जिन्हें अभ्यर्थी डाउनलोड कर पूर्ण रूप से भरते हुए, चैकलिस्ट के अनुसार अनिवार्य शैक्षिक अर्हता, अधिमानी अर्हता, आरक्षण हेतु प्रमाण पत्र आदि अभिलेखों की स्वप्रमाणित प्रतिलिपियों के 02 सैट के साथ नियत तिथि एवं समय पर आयोग में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर प्रस्तुत करेंगे–

(क) ऑनलाइन आवेदन पत्र (Online Application Form)
(ख) विस्तृत आवेदन–पत्र (Detailed Application Form) (प्रपत्र संख्या–02)
(ग) प्रमाणीकरण–पत्रक (Attestation Form) (प्रपत्र संख्या–03)
(घ) देशना–पत्रक (Index Card) (प्रपत्र संख्या–04)।
(ङ.) चैकलिस्ट (Check List)
(च) पासपोर्ट साइज के 02 नवीनतम स्वप्रमाणित फोटोग्राफ।

05. यदि अभ्यर्थी अभिलेखों की जांच हेतु नियत तिथि को उत्तराखण्ड लोक सेवा आयोग, हरिद्वार में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित नहीं होते हैं, तो उनको परीक्षा के अगले चरण हेतु विचारित नहीं किया जाएगा।

06. आयोग परिसर के भीतर मोबाइल फोन, कैमरा तथा अन्य इलैक्ट्रॉनिक उपकरण लाना निषिद्ध है।

-Sd-
(गिरधारी सिंह रावत)
सचिव